CMYK

रायगढ़, शुक्रवार
15.6.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

Social Justice Union

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com
4 में पढ़ें- प्रादेशिक ....
6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....
» वर्ष-2 » अंक - 28 »

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश को दी कई सौगातें

- नया रायपुर में एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केन्द्र का लोकार्पण
- छत्तीसगढ़ को मिली पहली घरेलू यात्री विमान सेवा की सौगात
- भिलाई इस्पात संयंत्र में 18 हजार 500 करोड़ की आधुनिकीकरण परियोजना का लोकार्पणः आईआईटी भिलाई के लिए 445 एकड़ में बनने वाले परिसर का शिलान्यास
- भारत नेट परियोजना के दूसरे चरण का भी शुभारंभः राज्य की 5987 ग्राम पंचायतों को मिलेगी टेलीफोन इंटरनेट कनेक्टिविटी
- प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का पहला भिलाई नगर प्रवास



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के संक्षिप्त प्रवास के दौरान राज्य की जनता को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें दीं। भारतीय वायुसेना के विशेष विमान द्वारा सवेरे नईदिल्ली से रायपुर पहुंचने के बाद श्री मोदी मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ नया रायपुर पहुंचे, जहां उन्होंने नया रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) के मुख्यालय भवन में एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केन्द्र का लोकार्पण किया। इस केन्द्र में स्मार्ट सिटी के रूप में तेज गति से विकसित हो रहे नया रायपुर शहर में बिजली, पानी, सड़क, संचार और स्वच्छता जैसी नागरिक सुविधाओं की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी, वहीं स्थानीय नागरिक इन सेवाओं से जुड़ी अपनी समस्याओं के बारे में एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केन्द्र को हेल्पलाइनों पर सीधा सूचित कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर से देश के प्रमुख औद्योगिक तीर्थ भिलाईनगर पहुंचे, जहां उन्होंने विशाल आमसभा में भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण से संबंधित कार्यों का लोकार्पण किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के इन नये निर्माण कार्यों पर 18 हजार 500 करोड़ रूपए की लागत आयी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1955 में सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित यह छत्तीसगढ़ का पहला इस्पात संयंत्र है। वर्ष 1962 में इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता एक मिलियन टन थी, जो वर्तमान में 4 मिलियन टन से ज्यादा हो गई है और आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण के बाद संयंत्र ने अब 7 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन क्षमता हासिल कर ली है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भिलाई इस्पात संयंत्र का भी दौरा किया।

प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी की विगत तीन वर्ष में आज यह पांचवी और दो माह में दूसरी तथा भिलाईनगर की पहली यात्रा थी। श्री मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार 09 मई 2015 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर दंतेवाड़ा आए थे। उन्होंने इसके बाद 21 फरवरी 2016 को नया रायपुर और राजनांदगांव जिले के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वे तीसरी बार एक नवंबर 2016 को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में नया रायपुर आए थे। छत्तीसगढ़ के चौथे प्रवास पर उन्होंने दो माह पहले अम्बेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को राज्य के बस्तर संभाग के ग्राम जावंगा (जिला-बीजापुर) आकर राष्ट्रव्यापी ग्राम स्वराज अभियान का शुभारंभ करने के साथ ही आयुष्मान भारत योजना के प्रथम चरण में देश के पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लोकार्पण किया था। रायपुर-जगदलपुर-विशाखापट्नम यात्री विमान सेवा का शुभारंभ

**छत्तीसगढ़ को मिली घरेलू विमान सेवा की सौगात**

श्री मोदी ने आज के अपने प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ की जनता को राज्य की प्रथम घरेलू विमान सेवा की भी सौगात दी। उन्होंने केन्द्र सरकार की 'उड़ान' परियोजना के तहत आम जनता को कम कीमत पर हवाई यातायात की सुविधा देने के लिए जगदलपुर-रायपुर-विशाखापट्नम के बीच यात्री विमान सेवा का शुभारंभ करते हुए जगदलपुर विमानतल का भी लोकार्पण किया। इस सेवा के अंतर्गत एक निजी कंपनी के 19 सीटों वाले विमान से यात्री सिर्फ 1670 रूपए के टिकट पर रायपुर से जगदलपुर केवल 40 मिनट में पहुंच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्माण के बाद पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की विशेष पहल और बस्तर अंचल को विकास की दृष्टि से सर्वोच्च प्राथमिकता देने की राज्य और केन्द्र की नीति के तहत यह यात्री विमान सेवा शुरू हुई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### धूल की चादर में लिपटा उत्तर भारत, मुश्किल भरे हो सकते हैं आने वाले 48 घंटे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में इस समय धूल ही धूल नजर आ रही है। राजस्थान और ब्लूचिस्तान (पाकिस्तान) की ओर से चलीं धूलभरी गर्म हवाओं की वजह से उत्तर भारत के आसमान पर धूल की एक परत-सी बन गई है। धूलभरी हवा से राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित रहे। धूलभरी हवाएं चलने का कारण पश्चिमी विक्षोभ माना जा रहा है। ऐसे में लोगों को जहां सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं हवाई परिचालन प्रभावित हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे ही हालात रहे तो उत्तर भारत के लिए आने वाले 48 घंटे मुश्किलों भरे हो सकते हैं। 40 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही है धूल बढ़ते तापमान से परेशान उत्तर भारत के लोगों की मुश्किल तब और बढ़ गई, जब हवाएं चलने से वातावरण में धूल की मात्रा और बढ़ गई।

### पीएनबी घोटालाः नीरव मोदी ब्रिटेन से ब्रसेल्स भागा

**लंदन (आरएनएस)।** पीएनबी घोटाले का आरोपी हीरा कारोबारी नीरव मोदी के ब्रिटेन से ब्रसेल्स भाग जाने सूचना है। कहा जा रहा है कि वह मंगलवार या बुधवार को ब्रसेल्स पहुंचा। इससे पहले नीरव के ब्रिटेन में राजनीतिक शरण मांगने की खबर आई थी। बताया जा रहा है कि नीरव इस समय सिंगापुर का पासपोर्ट इस्तेमाल कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा है कि दो अरब डॉलर से अधिक के पीएनबी घोटाले से नीरव मोदी के परिवार को भी लाभ हुआ। ईडी के वकील हितेन वेनगांवकर ने बताया कि नीरव मोदी के अलावा घोटाले से प्राप्त धन खासकर उनकी बहन पूर्वी और परिवार के अन्य सदस्यों को मिला। ईडी ने पिछले महीने कई करोड़ रुपये के पीएनबी धोखाधड़ी मामले में नीरव मोदी और उनके पिता दीपक मोदी, बहन पूर्वी मेहता, बहनोई मयंक मेहता, भाई नीशाल मोदी एवं एक अन्य रिश्तेदार निहाल मोदी सहित 23 लोगों के खिलाफ 12,000 पृष्ठ का आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने 13,000 करोड़ रुपये से अधिक के पीएनबी घोटाले में आरोपियों को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत आरोपी बनाया है। वेनगांवकर ने आरोपपत्र का हवाला देते हुए बताया कि पूर्वी की दुबई स्थित कंपनी ने नीरव मोदी की कुछ फर्जी कंपनियों से हीरा खरीदा लेकिन कोई भुगतान नहीं किया।

### डॉक्टर के बेटे ने खुद को मारी गोली, मौत

**पटना (आरएनएस)।** एम्स के डॉक्टर के बेटे अक्षत (14) ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की अल सुबह फुलवारीशरीफ थाने के हाइड्रोलिक स्थित एम्स के आवासीय ब्लॉक एक 7-5 क्वार्टर नंबर 104 में हुई। फिजियोलॉजी विभाग के डॉ. त्रिभुवन के बेटे अक्षत को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
मूल रूप से सासाराम निवासी डॉ. त्रिभुवन व उनकी पत्नी डॉ. नीलू घटना के समय दूसरे कमरे में सो रहे थे। उन्हें घटना की जानकारी तब हुई जब नीलू बेटे अक्षत के कमरे के पास गईं। खून से लथपथ अक्षत जमीन पर गिरा था। उसके बेड पर पिस्टल व मैगजीन रखी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे डीएसपी फुलवारीशरीफ रामाकांत प्रसाद व थानाध्यक्ष ने जांच शुरू कर दी है। उसके कमरे से पुलिस को एक लोडेड नाइन एमएम की पिस्टल, खाली मैगजीन, मोबाइल व एक कॉपी मिली है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से किया इनकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने 18 जून को होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से आज इनकार कर दिया। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को भी रद्द कर दिया। जस्टिस यू यू ललित और जस्टिस दीपक गुप्ता की अवकाशकालीन पीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ यूपीपीएससी की अपील को स्वीकार कर लिया। पीठ ने कुछ छात्रों द्वारा दायर अर्जियों को खारिज कर दिया जिनमें मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने की मांग की गई थी और कहा गया था कि यूपीपीएससी ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया।



पीठ ने कहा, ''हम यूपीपीएससी की अपील को मंजूर करते हैं और हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हैं। मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाएं खारिज की जाती हैं। कुछ छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर यूपीपीएससी की 18 जून को होने वाली मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने की मांग की थी। छात्रों ने प्रारंभिक परीक्षा में कुछ प्रश्नों के उत्तर गलत होने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट के पुनर्मूल्यांकन के आदेश को लागू करने की मांग की। बता दें कि छात्रों की प्रारंभिक परीक्षा में कुछ प्रश्नों के उत्तर गलत होने के आरोपों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुनर्मूल्यांकन के आदेश दिये थे जिसके खिलाफ यूपीपीएससी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। यूपीपीएससी की ओर से पेश एएसजी मनिंदर सिंह ने मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने या टालने का विरोध करते हुए कहा कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा के बारे में उठाई गई आपत्तियों की जांच के लिए कमेटी गठित की और कमेटी ने सभी आपत्तियों की जांच की और उसके बाद ही 19 जनवरी को रिजल्ट घोषित किया गया।

## सेना की आपत्ति के बावजूद सीजफायर बढ़ाएगी सरकार

**अमरनाथ यात्रा को लेकर उठीं चिंताएं**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** क्या ईद के बाद भी सरकार जम्मू-कश्मीर में सीजफायर कायम रखेगी? गुरुवार को मोदी सरकार इस मामले में फैसला लेने वाली है और सूत्रों की मानें तो इसकी पूरी संभावना है कि सीजफायर ईद के बाद भी बरकरार रहेगा। आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने रमजान के दौरान घाटी में सीजफायर का फैसला लिया था। हालांकि इस दौरान आतंकी गतिविधियों में इजाफा देखने को मिला। एक तरफ सरकार को अपने इस फैसले के लिए आलोचना का शिकार होना पड़ा, दूसरी तरफ सेना ने भी कहा था कि वह सरकार के फैसले के साथ है लेकिन यह राज्य की सुरक्षा से ठीक नहीं होगा। युद्धविराम के संदर्भ में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा का सवाल भी उठाया जा रहा है। गुरुवार को मोदी सरकार अब इस फैसले को आगे जारी रखने या खत्म करने पर फैसला लेने वाली है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र की एजेंसियां हुर्रियत से बातचीत के लिए तैयार करने की दिशा में काफी तेजी से काम कर रहीं हैं। बताया जा रहा है कि सेना ने युद्धविराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं है लेकिन जम्मू-कश्मीर में भारत सरकार के वार्ताकार दिनेश शर्मा और खुफिया एजेंसियां इसे और आगे बढ़वाने के पक्ष में हैं।
उनका मानना है कि इस युद्धविराम के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सेना ने केंद्रीय गृहमंत्रालय से कहा कि तीन वजहों से सीजफायर बढ़ाना उचित नहीं होगा। पहली वजह पाकिस्तान को बताया गया है जो चाहता है कि कश्मीर हिंसा तेज हो। दूसरी वजह आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन बंद होने से उनके फिर से सक्रिय होने की आशंका को बताया जा रहा है।

## आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर, जवान शहीद

**बांदीपुरा (आरएनएस)।** उत्तरी कश्मीर के पनार (बांडीपोर) में आतंकियों के खिलाफ जारी अभियान के छठे दिन गुरुवार को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया वहीं एक जवान शहीद हुआ है। फिलहाल मुठभेड़ जारी है। पनार जंगल में आतंकियों के एक बड़े दस्ते के देखे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान तीन बार आतंकियों व जवानों के बीच जंगल में मुठभेड़ हुई, लेकिन आतंकी हर बार बच निकले। सूत्रों के अनुसार, जंगल में हाल ही में गुलाम कश्मीर के पार से घुसपैठ करने में कामयाब रहे आतंकियों का एक दल व पहले से सक्रिय कुछ अन्य आतंकी छिपे होने की सूचना थी। इनकी संख्या लगभग एक दर्जन के करीब है, जो इस समय अलग-अलग गुटों में बंट चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि इससे पहले बुधवार सुबह आतंकियों का पीछा कर रहे जवान जब एक नाले के पास पहुंचे तो वहां छिपे आतंकियों ने उन पर हमला किया। जवानों ने भी जवाबी फायर किया। करीब 35 मिनट तक दोनों तरफ से गोलियां चलीं। इस दौरान एक आतंकी मारा गया, लेकिन उसके साथी शव अपने साथ ले भागे। मुठभेड़स्थल पर भारी मात्रा में खून बिखरा हुआ पाया गया है और वहां किसी को घसीटे जाने के निशान भी हैं।



## रमजान खत्म होने का जश्न मनाने जा रहे थे छुट्टियों पर, बोट पलटने से 13 की मौत

**जकार्ता (आरएनएस)।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर एक यात्री नाव के पलट जाने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। घटना बुधवार की है, बताता जाता है कि नाव में सवार सभी यात्री रमजान के अंत का जश्न मनाने के लिए छुट्टियों पर घर जा रहे थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि नाव दक्षिण सुलावेसी की प्रांतीय राजधानी मकास्सर से 15 किमी उत्तर-पश्चिम में बरांग लोम्पो के रिज़ॉर्ट द्वीप की तरफ यात्रा कर रही थी। दुर्घटना में कम से कम 22 यात्रियों को बचाया गया है जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कई लोग अभी भी लापता है। जानकारी के मुताबिक खराब मौसम में कारण समुद्री लहरों के बीच नाव असंतुलित हो गई और पलट गई।
लापता लोगों के लिए खोज अभियान चलाया जा रहा है। आपको बता दें कि इंडोनेशिया में इस तरह की दुर्घटनाएं आम हैं, खासकर ईद के दौरान जब देश भर में लाखों मुसलमान अपने गृह नगर यात्रा करते हैं।

## गंगा में पांच लोग डूबे, सगे भाइयों की मौत

**बरेली (आरएनएस)।** जेठ माह की अमावस्या पर गंगा स्नान के लिए बदायूं जिले के कछला घाट पहुंचे फिरोजाबाद के एक परिवार के पांच लोग डूब गए। इसमें से दो युवकों की मौत हो गई। मृतक सगे भाई थे। जबकि गोताखोरों ने तीन लोगों को सुरक्षित बचा लिया। गंगा में पानी तीन दिन पहले ही बढ़ गया था, लेकिन स्नान घाट पर बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। गहराई का अंदाजा न होने की वजह से वे सभी नहाते समय डूब गए थे। फिरोजाबाद जिले के द्वारिकापुरी निवासी रामचंद्र सिंह परिवार समेत गंगा स्नान के लिए आए थे। रामचंद्र का 24 वर्षीय पुत्र अजीत, 22 वर्षीय पुत्र पुष्कर और उनके साथ आए रमेश का 27 वर्षीय पुत्र गौरव, चंद्रपाल का 22 वर्षीय पुत्र रामेश्वर, धर्मेंद्र का 40 वर्षीय पुत्र संजीव एक साथ गंगा में नहा रहे थे।

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

CMYK